**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**::आदेश::**

पटना, दिनांक 12/02/26

संचिका संख्या–07/मु0–01–249/2025–711/ माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0डब्ल्यू0जे0सी0 सं0–18790/2025 रामाशीष पासवान बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में दिनांक–20.11.2025 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में यह आदेश निर्गत किया जा रहा है।

2. उक्त वाद में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक–20.11.2025 को न्यायादेश पारित की गई जिसका कार्यकारी अंश निम्नवत् है:–

***"...Learned counsel for the State is directed to take instructions and on consideration, if it is found that the case of the petitioner is also similarly situated, then benefits shall be accorded and appropriate affidavit shall be filed by the next date of hearing. 4. List this case on 05.01.2026. ..."***

3. उक्त पारित न्यायादेश के अनुपालन में वादी को अपना पक्ष रखने का अवसर देते हुए दिनांक–14.01.2026 को निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के कार्यालय कक्ष में सुनवाई निर्धारित की गयी तथा वादी श्री पासवान द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत किया गया।

4. अंकनीय है कि वादी श्री पासवान सहायक शिक्षक के रूप में उ0म0वि0, रमनुविगहा, शेखपुरा में कार्यरत है तथा उनका दावा है कि एल0पी0ए0 सं0– 1254/2016 के आलोक में एवं एस0एल0पी0 सं0– 26824/2013 में दिनांक– 18.07.2013 को पारित न्यायादेश के आलोक में मुझे दिनांक– 03.02.2012 से जनवरी 2024 तक का वेतन भुगतान किया जाय।

5. जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक– 1261 दिनांक– 17.07.2025 द्वारा अंकित किया गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा अवमाननावाद संख्या–297/2007 में पारित न्यायादेश के अनुपालन में राज्य सरकार द्वारा प्रख्यापित "बिहार विशेष प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2010" तथा विभागीय निदेश (पत्रांक–07–नि0–01–61/09 अं0 1–64, दिनांक–18.01.2012) के आलोक में वादी श्री पासवान की नियुक्ति 34540 मूल कोटि के बिहार विशेष प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2010 के तहत उ0म0वि0, रमनुविगहा, शेखपुरा में की गयी।

6. डा0 अम्बेडकर हिन्दी संस्कृत विद्यापीठ, जोकिया, बेगूसराय, जो एक अमान्य प्रशिक्षण संस्थान है, से निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर वादी श्री पासवान की नियुक्ति पत्र को लंबित रखा गया तथा एल0पी0ए0 सं0– 1254/2016 एवं एस0एल0पी0 सं0– 26824/2013 में दिनांक– 18.07.2013 को पारित न्यायादेश एवं विभागीय पत्रांक– 01 दिनांक– 01.01.2024 के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा के कार्यालय पत्रांक– 193 दिनांक– 06.02.2024 के द्वारा श्री सिंह को 34540 कोटि के शिक्षक के रूप में नियुक्त करते हुए उ0म0वि0, रमनुविगहा, शेखपुरा में योगदान दिया गया है।

7. समरूप मामले सी0डब्ल्यू0जे0सी0 सं0– 14883/2024 रेखा चन्द्र बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक– 30.09.2024 को पारित आदेश के

2

